**युवाओं की जागरूकता कार्यक्रम में सहभागिता-** युवओं ने प्रोजेक्ट स्तर पर जागरूकता तथा ग्राम स्तर पर -बाल विवाह, नशाखोरी, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, किशोरियों में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबन्धन आदि विषयों को लेकर रैली निकालने का कार्य किया है। जवाहर यूथ क्लब ग्राम-रिठिया में शान्ति समिति की बैठक कर के गाँव में होली के समय में शान्ति और सौहार्द के साथ मानने के अपील किया था। जिससे खुश होकर एस0पी0 साहब ने थानाध्यक्ष को भेजकर यूथ क्लब को खेल सामग्री देकर पुरस्कृत किया।

**युवओं द्वारा श्रमदान कार्यक्रम-** गाँव स्तर पर युवाओं द्वारा टूटे रास्तों पर मिट्टी डालना, ग्राम-बटोवा में शास्त्री यूथ क्लब के सदस्यों ने नहर की पुलिया पर मिटटी कट जाने से पैदल व वाहनों के आने-जाने में समस्या को दूर करने के लिये मेन सड़क पर ढालान की मिट्टी कट जाने से परेशानी होती थी जिसे श्रमदान करके मिट्टी फेंककर ठीक करने का कार्य किया। इस प्रकार ग्राम-खुटहर में नाले पर छलका में पत्थर मिट्टी भरने का कार्य क्रिया। इस प्रकार अन्य गाँवों में भी पौधारोपण कार्य, सफाई कार्य, पेयजल श्रोतों को स्वच्छ रखना गलियों की सफाई आदि कार्यों में यूथ क्लब अपनी भूमिका अदा कर रहा है।

## युवा समूह का विवरण

| क्रमांक | समूह की सख्या | इनरोल | | नन इनरोल | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पु. | स्त्री | पु. | स्त्री | |
| 1. | 16 | 111 | 165 | 17 | 31 | 324 |

## युवकों का व्यवसाय अनुसार रूचि

| क्रमांक | व्यवसाय का नाम | किशोरियाँ एवं किशोर | |
|---|---|---|---|
| 1. | सिलाई, कढ़ाई | 90 | |
| 2. | ब्यूटिशियन | 50 | |
| 3. | कम्प्यूटर प्रशिक्षण | 50 | 80 |
| 4. | फोटोग्राफी . | 0 | 30 |
| 5. | मोबाइल रिपेयरिंग | 0 | 20 |
| 6. | मोटर ड्राइविंग | 0 | 80 |
| 7. | अन्य सरकारी नौकरियाँ पुलिस, सुरक्षा आदि | 10 | 50 |
| | योग | 200 | 260 |

**नोट- मानव सेवा केन्द्र चाइल्डफण्ड इण्टरनेशनल प्रोजेक्ट के माध्यम से युवकों को रोजगार युक्त रोजगार प्रदत्त शिक्षा देने, प्रशिक्षण संस्थान से सन्दर्भित करने, रोजगार दिलाने एवं नौकरी/रोजगार करने के जानकारी प्रदान की जाती है।**

**Manav Sewa Kendra : ChildFund International Project.**
**Naugarh Chandauli.U.P.**
**Mob. : 8887854940, 9415301862**

MANAV SEWA KENDRA MSK Varanasi VARANASI

ChildFund International

# युवा समूह एवं यूथ फेडरेशन







# युवा समूह एवं यूथ फेडरेशन

यह समूह 15 से 24 वर्ष की आयु वर्ग का एक समूह है जो मानव सेवा केन्द्र चाइल्ड फण्ड इण्टरनेशनल प्रोजेक्ट के द्वारा परियोजना क्षेत्र के 16 गाँव में बनाया गया है। यह समूह स्वयं के विकास के साथ-साथ परिवार व समुदाय के विकास में जन सहभागिता करता है। युवा समूह की नियमावली निम्न है।

1. हर युवा समूह का नामकरण।
2. युवा समूह की सदस्यों की संख्या 15-20 तक होगी।
3. युवा समूह का उम्र 15-24 वर्ष तक होगा।
4. यूवा समूह की मासिक मीटिंग होगी।
5. यूथ क्लब के सदस्यों का मीटिंग में आना आवश्यक है।
6. यूथ क्लब के सदस्य लड़कियों महिलाओं व बुजुर्गों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करेंगे।
7. यूथ क्लब के तीन पदाधिकारी अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष होंगे। जिनका अधिकार व कर्तव्य लिखित में होगा।
8. यूथ क्लब के पदाधिकारी 2 वर्ष के लिए चूने जायेंगे।
9. यूथ क्लब के सदस्य मानव सेवा केन्द्र चाइल्ड फण्ड इण्टरनेशनल प्रोजेक्ट के गतिविधियों सहयोग करेंगे।
10. यूथ क्लब मासिक सदस्यता शुल्क निश्चित करेगा।

**यूथ क्लब के उद्देश्य-** युवा समूह ग्रामीण युवाओं को राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में शामिल करना। उनमें कौशल एवं मूल्यों को विकसित करना जिससे वे आधुनिक तकनीकि के साथ राष्ट्र के निर्माण में सहभागी बन सकें। यूथ क्लब के निम्नलिखित उद्देश्य हैं।

1. युवा कौशल युक्त हों तथा विकास में सक्रिय भागीदारी निभायें।
2. युवाओं में नेतृत्व का गुण तथा अभिव्यक्ति की क्षमता का होना।
3. यूथ क्लब के द्वारा युवाओं में सकारात्मक सोच विकसित करना।
4. युवाओं को अधिकार के साथ कर्तव्यकी जिम्मेदारी का होना।
5. युवाओं को उच्च शिक्षा एवं तकनीकि शिक्षा से जोड़ना।
6. युवाओं में निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना।
7. युवाओं को गाँव के विकास के लिए सरकारी योजनाओं सामाजिक सुरक्षा एवं विकास में सहयोग प्रदान करना।
8. युवओं का आत्मनिर्भर होने के लिए प्रेरित करना।
9. युवाओं के द्वारा समस्याओं के समाधान हेतु सामूहिक प्रयास करना।
10. युवाओं को करोना वायरस बचाव हेतु जागरूकता तथा टीकाकरण कार्यक्रम में सहयोग करना

युवा समूह के द्वारा परियोजना क्षेत्र के कुल 16 गाँव में समय-समय पर एवं मासिक बैठक का आयोजन किया जाता है जिसमें अपने समुदाय से सम्बन्धित समस्याओं का पहचान करना तथा समस्या के समाधान हेतु प्राथमिकता तय करने का कार्य किया जाता है। परियोजना क्षेत्र के यूथ समूह के द्वारा निम्नलिखित मुद्दे चिन्हित किये गये हैं।

1. सभी युवकों को इण्टरमीडिएट व उच्च व तकनीकि शिक्षा प्राप्त करना।
2. युवकों को रोजगार युक्त शिक्षा प्राप्त करना तथा रोजगार हेतु रूचि विकसित करना।
3. किशोरी स्वास्थ्य एवं सरकारी स्वास्थ्य सेवओं की जानकारी।
4. बाल सुरक्षा एवं इससे सम्बन्धित वातावरण निर्माण।
5. कन्या भ्रूण हत्या को रोकना।
6. लड़का एवं लड़की में समानता
7. युवाओं के अधिकार व कर्तव्य की जानकारी देना।
8. उद्यमिता के गुणों का विकास।
9. व्यक्तिगत, पारिवारिक व सामुदायिक स्वच्छता में सहयोग करना।
10. बाल विवाह तथा बेमेल विवाह को रोकना।
11. बाल विवाह के कुप्रभाव की जानकारी देना।
12. युवा में नशाखोरी, शराब सेवन, बीड़ी सूर्ती से बचाव,
13. दहेज प्रथा का विरोध।
14. घरेलू हिंसा सामाजिक एवं भावनात्मक अच्छे सम्बन्धों का विकास।
15. नेतृत्व के गुणों का विकास, संचार कौशल का ज्ञान, समानता का अधिकार, आत्मविश्वास का विकास, पर्यावरण संरक्षरण तथा वृक्षों की देखभाल, सरकार द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा एवं विकास योजनाओं में सहयोग करना।
16. करोना वायरस से बचाव हेतु जन जागुरूकता तथा टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित करना।

**युवा के लिये व्यक्तिगत योग्यता के गुण-** (1) स्वयं को जानना और समझना (2) मनोभावों को समझना व व्यक्त करना। (3) उत्तरदायी होना (4) प्रभावकारी श्रवणशक्ति एक कौशल (5) सकारात्मक अभिव्यक्ति की शक्ति (6) प्रथम प्रभाव को सकारात्मक बनाना (7) लक्ष्य निर्धारण करना-जीवन स्वप्न को परिभाषित करना (8) स्वच्छता एवं स्वास्थ्य रहन-सहन। (9) अपना और अन्यों का सम्मान करना। (10) प्रभावकारी संप्रेषण शाब्दिक/अशाब्दिक संचार कौशल (11) स्वयं तथा दूसरों में विश्वास का विकास। (12) निश्चयी होना। (13) अपने पक्ष में खड़ा होना, मना करना सीखना। (14) प्रश्न पूछना व आवाजा उठाना। (15) उपलब्धि पाने वाला बनाना-अच्छे अंक प्राप्त करने के लिये पढ़ना। (16) अभिप्रेरणा। (17) नेतृत्व कौशल

**उपलब्धि-** चाइल्डफण्ड इण्डिया प्रोजेक्ट के माध्यम से लिवलीहुड (एल-3) यूथ क्लब की मिटिंग व यूथ फेडरेशन की मिटिंग व सशक्तिकरण प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को सामाजिक गतिविधियों में अपना योगदान देने के लिये प्रेरित किया जाता है तथा सरकारी योजनाओं को क्रियान्वयन करने में यूथ क्लब अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

पंचायत चुनाव में गॉव के युवओं ने भागीदारी किया तथा अपने मतों का प्रयोग करके गाँव के विकास के लिये ईमानदार व सामाजिक न्याय की भावन से कामकरने वाले प्रत्याशियों को मत देने के लिये गाँव की जनता को प्रेरित किया। यूथ क्लब के सदस्य स्वयं के विकास (व्यक्तित्व विकास) के लिये- नेतृत्व कौशल अभिव्यक्ति की क्षमता, सामूहिक निर्णय लेने, सामाजिक सोच विकसित करना, व्यवसायिक कौशल आदि गुणों को विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं।